# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

केन्द्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने नेपाल में भारतीय नागरिकों को अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहने, सड़कों पर जाने से बचने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। सरकार ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। नंबर हैं 977 – 980 860 2881 और 977 – 981 032 6134। किसी भी सहायता के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।**

प्रदेश सरकार ने भी पड़ोसी देश नेपाल में बढ़ते संकट को देखते हुए उसकी सीमा से लगे अपने सभी जिलों में चौबीसों घंटे का हाई अलर्ट घोषित किया है। एक रिपोर्ट–

**नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ में एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यहां पर तीन हेल्पलाइन नंबर और एक व्हाट्सएप नंबर चौबिसों घंटे संचालित रहेंगे। जिसके माध्यम से नागरिक सीधे मदद हासिल कर सकेंगे। ये नंबर हैं – 0522–2390 257 और 0522–2724 010. व्हाट्सएप नम्बर है – 945 440 1674 इसके अलावा, पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया इकाई को भी निर्देशित किया गया है कि नेपाल से जुड़े किसी भी संवेदनशील सूचना या पोस्ट की लगातार निगरानी की जाए और जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

इस बीच, एयर इंडिया और इंडिगो सहित अन्य एयरलाइनों ने कल काठमांडू जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी।

**********

मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चन्द्र रामगुलाम भारत की आठ दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन आज वाराणसी पहुंच रहे हैं। वह कल वाराणसी में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि द्विपक्षीय बैठक के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, उर्जा, बुनियादी ढांचे के साथ–साथ नवीकरणीय उर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नीली अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा हो सकती है।

**********

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं तथा महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, जरूरत होती है व्यक्ति की योग्यता को पहचान कर उसे सही दिशा देने वाले गुरु की। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने सदैव योजक की भूमिका का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर पर गोरखपुर में उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर के कार्यालय परिसर में पंडित पंत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पंडित पंत जी ने उत्तर प्रदेश के विकास को सकारात्मक कदम उठाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दे। हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने हस्त शिल्प वस्तुओं पर जीएसटी दर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इस कदम से कारीगरों और पारंपरिक शिल्प क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। इस कदम का उद्देश्य भारतीय हस्त शिल्प को उपभोक्ताओं के लिए अधिक शुलभ और वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस कदम से सरकार का लक्ष्य भारत की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना, ग्रामीण आजीविकाओं को सहारा देना और सदियों पुरानी शिल्प परंपराओं को संरक्षित करना है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के वित्त सलाहकार, प्रवीण साहू ने इस जीएसटी सुधार का स्वागत किया। रोहन के साथ इशानी यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने कल और बारह सितम्बर को पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में कहीं कहीं भारी वर्षा की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक आगामी चौदह सितम्बर तक पूरे प्रदेश में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है।

**********